संख्या-673/2017/239/22-2-2017-17(201)/2017

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 18 अगस्त, 2017***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जयवीर पुत्र श्री चमन सिंह निवासी जनपद-मेरठ की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-44244-359/प्रोबेशन-3/2016(एम-17-11-2016) दिनांक-16-12-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जयवीर पुत्र श्री चमन सिंह, निवासी-लालपुर, थाना-भावनपुर, जनपद-मेरठ का रहने वाला है। दिनांक 24/25.05.1999 की रात्रि लगभग 12:00 बजे बन्दी ने मृतक अजब सिंह द्वारा पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट लिखाये जाने के कारण 04 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमन्चे से अजब सिंह, हरीसिंह व गीता सहित 03 लोगों की हत्या कर दी तथा राजपाल, वीरसिंह और श्रीमती बाला नामक महिला को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-1054/1999 में भा0द0वि0 की धारा-147, 148, 307/149, 302/149 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0-4, मेरठ के आदेश दिनांक 25.08.2004 द्वारा मृत्यु दण्ड से दण्डित किया गया जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 02.12.2005 द्वारा आजीवन कारवास की सजा में परिवर्तित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 27.01.2016 तक 16 वर्ष 07 माह 26 दिन की अपरिहार सजा तथा 20 वर्ष 05 माह 17 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी के 04 सहअभियुक्त कारागार में निरूद्ध हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि दिनांक 24/25.05.1999 को मृतक अजब सिंह द्वारा पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट लिखाये जाने के कारण 04 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमन्चे से अजब सिंह, हरीसिंह व गीता सहित 03 लोगों की हत्या करने तथा राजपाल, वीरसिंह और श्रीमती बाला नामक महिला को घायल करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधिकयों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे मे विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी की आयु 38 वर्ष लगभग है तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ ही पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं है, इसकी पुष्टि जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

जिला मजिस्ट्रेट, मेरठ द्वारा अतिरिक्त 05 बिन्दु की आख्या में की गयी है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता समिति द्वारा समयपूर्व रिहाई का किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी जयवीर पुत्र श्री चमन सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अत: उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी जयवीर (बन्दी संख्या-13372) पुत्र श्री चमन सिंह जनपद-मेरठ के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)

संयुक्त सचिव।

संख्या-673/2017/239(1)/22-2-2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, मेरठ।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।

3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)

संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्या-673/2017/239/22-2-2017-17(201)/2017

दिनांक 18 अगस्त, 2017 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जयवीर पुत्र श्री चमन सिंह, निवासी-लालपुर, थाना-भावनपुर, जनपद-मेरठ का रहने वाला है। दिनांक 24/25.05.1999 की रात्रि लगभग 12:00 बजे बन्दी ने मृतक अजब सिंह द्वारा पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट लिखाये जाने के कारण 04 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमन्चे से अजब सिंह, हरीसिंह व गीता सहित 03 लोगों की हत्या कर दी तथा राजपाल, वीरसिंह और श्रीमती बाला नामक महिला को घायल कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-1054/1999 में भा0द0वि0 की धारा-147, 148, 307/149, 302/149 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0-4, मेरठ के आदेश दिनांक 25.08.2004 द्वारा मृत्यु दण्ड से दण्डित किया गया जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 02.12.2005 द्वारा आजीवन कारवास की सजा में परिवर्तित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 27.01.2016 तक 16 वर्ष 07 माह 26 दिन की अपरिहार सजा तथा 20 वर्ष 05 माह 17 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी के 04 सहअभियुक्त कारागार में निरूद्ध हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि दिनांक 24/25.05.1999 को मृतक अजब सिंह द्वारा पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट लिखाये जाने के कारण 04 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर तमन्चे से अजब सिंह, हरीसिंह व गीता सहित 03 लोगों की हत्या करने तथा राजपाल, वीरसिंह और श्रीमती बाला नामक महिला को घायल करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधिकयों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे मे विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी की आयु 38 वर्ष लगभग है तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ ही पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं है, इसकी पुष्टि जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, मेरठ द्वारा अतिरिक्त 05 बिन्दु की आख्या में की गयी है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता समिति द्वारा समयपूर्व रिहाई का किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी जयवीर पुत्र श्री चमन सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in